## 25. अनुच्छेद-लेखन

किसी विषय पर अपने विचारों को क्रमबद्ध तरीके से लिखना अनुच्छेद-लेखन कहलाता है। अनुच्छेद कम शब्दों में अधिक बात कहते हैं। अनुच्छेद-लेखन द्वारा छात्रों की विषय के प्रति जागरूकता, उनकी विचारधारा तथा वाक्यों को पिरोने की क्षमता को आँका जाता है।

### शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को कोई विषय दें तथा उनसे उस पर कुछ वाक्य बुलवाएँ।
- समझाएँ, अनुच्छेद अपने विचारों को सटीकता से प्रकट करने का माध्यम है।
- पाठ पृष्ठ 211-213 पर दिए अनुच्छेदों को छात्रों से पढ़वाएँ।
- यथासंभव प्रत्येक छात्र को अनुच्छेद अंश पढ़ने का अवसर दें।
- अनुच्छेद लिखते समय ध्यान रखने योग्य बिंदुओं पर चर्चा करें।